भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Sunday, 14 October 2018

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा होशंगाबाद, मध्य प्रदेश में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने मध्य प्रदेश में विकास की अद्भुत कहानी लिखी है, इसलिए मध्य प्रदेश में "अबकी बार, 200 पार"

****

जिस तरह से कांग्रेस पार्टी केंद्र में नेतृत्व विहीन है, उसी तरह से मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस के नेतृत्व का कोई अता-पता नहीं है

****

राहुल गाँधी मध्य प्रदेश की जनता से वोट मांगने से पहले स्पष्ट करें कि कांग्रेस पार्टी किसके नेतृत्व में मध्य प्रदेश का विधान सभा चुनाव लड़ने जा रही है? राहुल गाँधी को पता होना चाहिए कि एक राजा, एक महाराजा और एक उद्योगपति को साथ लेकर जनादेश प्राप्त नहीं किया जा सकता

****

भारतीय जनता पार्टी के लिए देश, वोट बैंक से कहीं ऊपर है जबकि कांग्रेस के लिए वोट बैंक की पॉलिटिक्स ही सब कुछ है। देशहितके ऊपर वोट बैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी की साजिश को देश के जनता भलीभांति जानती है, आने वाले चुनावों में कांग्रेस को जनता करारा जवाब देगी

****

घुसपैठियों के समर्थन में दिग्विजय सिंह और राहुल गाँधी एंड कंपनी चाहे कितनी भी साजिश रचें, मध्य प्रदेश में फिर से शिवराज सरकार और केंद्र में मोदी सरकार बनने पर एक-एक घुसपैठिये की पहचान की जायेगी और उन्हें मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा

****

मध्य प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ता इस बार भारतीय जनता पार्टी की ऐसी प्रचंड एवं भव्य विजय सुनिश्चित करें जिसके आधार पर 2019 केलोक सभा चुनाव और आने वाले 50 सालों तक पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की लोक-कल्याणकारी सरकार का निर्माण हो सके

****

मध्य प्रदेश की जनता राहुल गाँधी से कांग्रेस पार्टी की चार पीढ़ियों के सरकार का हिसाब मांग रही है। राज्य की जनता यह भी जानना चाहती है कि केंद्र में 10 वर्षों तक चलने वाली कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार ने मध्य प्रदेश के साथ घोर अन्याय क्यों किया?

****

भारतीय जनता पार्टी नेताओं की नहीं, कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी में संभव है कि एक बूथ कार्यकर्ता भी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का अध्यक्ष बन सकता है और एक गरीब घर में जन्म लेने वाला व्यक्ति विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री

****

कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग में मध्य प्रदेश को विकास के लिए केवल 1,34,190 करोड़ रुपये की राशि दी थी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में प्रदेश के लिए लगभग 3,44,126 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है

****

जब मध्य प्रदेश में जनता ने कांग्रेस की श्रीमान बंटाधार सरकार की विदाई की तब राज्य की केवल 7.5 लाख हेक्टेयर भूमि ही सिंचित थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी के 15 वर्षों के शासनकाल में सिंचित भूमि का रकबा बढ़ कर 40 लाख हेक्टेयर तक पहुँच गई है

****

कांग्रेस की सरकार के समय मध्य प्रदेश की कृषि विकास -3% के न्यूनतम स्तर पर पहुँच गई थी जबकि शिवराज जी के शासनकाल में यह (+) 20% से भी ऊपर के अभूतपूर्व स्तर पर पहुँच गई। स्पष्ट है कि जब एक सरकार समर्पण भाव से जनता के कल्याण के लिए काम करती है तो किस प्रकार के परिणाम आते हैं

****

इन 15 सालों में कांग्रेस सरकार की तुलना में विद्युत् उत्पादन 2,900 मेगावाट से बढ़कर 17,700 मेगावाट पहुँच गया है, गेहूं का उत्पादन 49 लाख मीट्रिक टन से बढ़ कर 219 लाख मीट्रिक टन और धान का उत्पादन 17 लाख मीट्रिक टन से तीन गुने से भी अधिक बढ़ कर 54 लाख मीट्रिक टन हो गई है

****

मोदी सरकार ने 'आयुष्मान भारत' के माध्यम से देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों के 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया है जो इतने बड़े व्यापक स्तर पर विश्व की पहली ऐसी योजना है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज गुप्ता ग्राउंड, होशंगाबाद में भोपाल एवं होशंगाबाद संभाग की 36 विधानसभाओं के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया और मध्य प्रदेश से लगातार भेदभाव करने वाली कांग्रेस पार्टी को जड़ से उखाड़ फेंकने की जनता से अपील की।

मध्य प्रदेश के पार्टी कार्यक्रताओं के परिश्रम की सराहना करते हुए श्री शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संगठन की नींव है जिसे राजमाता विजया राजे सिंधिया जी एवं श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी ने अपने त्याग और तपस्या से सींचा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश राजमाता और कुशाभाऊ ठाकरे जी का प्रदेश है, साथ ही हम इस वर्ष को राजमाता के जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि **राजमाता जी को श्रद्धांजलि देने का इससे अच्छा अवसर नहीं हो सकता।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने मध्य प्रदेश में विकास की अद्भुत कहानी लिखी है, इसलिए मध्य प्रदेश में "अबकी बार, 200 पार"।** उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि **मध्य प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ता इस बार भारतीय जनता पार्टी की ऐसी प्रचंड एवं भव्य विजय सुनिश्चित करें जिसके आधार पर 2019 के लोक सभा चुनाव और आने वाले 50 सालों तक पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भारतीय जनता पार्टी की लोक-कल्याणकारी सरकार का निर्माण हो सके।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **जिस तरह से कांग्रेस पार्टी केंद्र में नेतृत्व विहीन है, उसी तरह से मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस के नेतृत्व का अता-पता नहीं है।** उन्होंने **राहुल गाँधी को चुनौती देते हुए कहा कि राहुल गाँधी, मध्य प्रदेश की जनता से वोट मांगने**

से पहले आप स्पष्ट करें कि आप किसके नेतृत्व में मध्य प्रदेश का विधान सभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी राज्य में राजा, महाराजाऔर उद्योगपति के सहारे चुनाव जीतना चाहती है लेकिन राहुल गाँधी को पता होना चाहिए कि एक राजा, एक महाराजा और एक उद्योगपति को साथ लेकर जनादेश प्राप्त नहीं किया जा सकता।** उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ने जा रही है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी नेताओं की नहीं, कार्यकर्ताओं की पार्टी है।** उन्होंने कहा कि **यह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी में संभव है कि एक बूथ कार्यकर्ता भी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का अध्यक्ष बन सकता है और एक गरीब घर में जन्म लेने वाला व्यक्ति विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री।** उन्होंने कहा कि **1950 से लेकर आज तक की हमारी यात्रा असंख्य पार्टी कार्यकर्ताओं के बलिदान, त्याग, तपस्या और संघर्ष की यात्रा रही है। आज भी हमारे उर्जावान कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और देश की एकता व अखंडता के लिए पश्चिम बंगाल, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों में अपने प्राणों की आहुति दे रहे हैं।** उन्होंने कहा कि यह हमारे मनीषी कार्यकर्ताओं के ही अथक परिश्रम की पराकाष्ठा का परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, सबसे ज्यादा विधायक और सांसद भारतीय जनता पार्टी के हैं, हमारी 19 राज्य सरकारें हैं, केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की लोक-कल्याणकारी सरकार है और देश के 70% भू-भाग पर भारतीय जनता पार्टी सरकार जनता की सेवा में समर्पण भाव से अहर्निश काम कर रही है।

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी हमारी सरकार के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं लेकिन मध्य प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी की चार पीढ़ियों के सरकार का हिसाब मांग रही है।** उन्होंने कहा कि **राज्य की जनता यह भी जानना चाहती है कि केंद्र में 10 वर्षों तक चलने वाली कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार ने मध्य प्रदेश के साथ घोर अन्याय क्यों किया?** उन्होंने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, हम जब भी चुनाव में जाते हैं तो हम जनता को अपने पल-पल और पाई-पाई का हिसाब देते हैं। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग में मध्य प्रदेश को विकास के लिए जहां केवल 1,34,190 करोड़ रुपये की राशि दी थी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में प्रदेश के लिए लगभग 3,44,126 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय योजनाओं में मोदी सरकार ने अलग से मध्य प्रदेश को लगभग 57,000 करोड़ रुपये दिए हैं**, साथ ही, मध्य प्रदेश को खनिज से लगभग 54,000 करोड़ रुपये अलग से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मध्य प्रदेश की जनता को ससम्मान उनका अधिकार देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले साढ़े चार साल में औसतन हर 15 दिन में एक नई योजना की शुरुआत की है और खुद मॉनिटरिंग कर इसका सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 55 वर्षों से अधिक समय तक शासन किया, मध्य प्रदेश में भी वर्षों तक कांग्रेस की सरकारें रही। उन्होंने कहा कि **जब मध्य प्रदेश में जनता ने कांग्रेस की श्रीमान बंटाधार सरकार की विदाई की तब राज्य की केवल 7.5 लाख हेक्टेयर भूमि ही सिंचित थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी के 15 वर्षों के शासनकाल में सिंचित भूमि का रकबा बढ़ कर 40 लाख हेक्टेयर तक पहुँच गई है।** उन्होंने कहा कि इन 15 सालों में कांग्रेस सरकार की तुलना में विद्युत् उत्पादन 2,900 मेगावाट से बढ़कर 17,700 मेगावाट पहुँच गया है, 45 हजार किलोमीटर की सड़क बढ़ कर 95 हजार किलोमीटर हो गई है, गेहूं का उत्पादन 49 लाख मीट्रिक टन से बढ़ कर 219 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचा है, धान का उत्पादन 17 लाख मीट्रिक टन से तीन गुने से भी अधिक बढ़ कर 54 लाख मीट्रिक टन हो गई है, माध्यमिक पाठशालाएं 18 हजार से बढ़ कर 30 हजार हो गई है और हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। आईटीआई संस्थानों की संख्या 222 से बढ़ कर लगभग 1,000 हो गई है और इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेजों की संख्या में भी कई गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि **कांग्रेसकी सरकार के समय मध्य प्रदेश की कृषि विकास -3% के न्यूनतम स्तर पर पहुँच गई थी जबकि शिवराज जी के शासनकाल में यह(+) 20% से भी ऊपर के अभूतपूर्व स्तर पर पहुँच गई। ये आंकड़े दिखाते हैं कि जब एक सरकार समर्पण भाव से प्रदेश की भलाई के लिए एवं जनता के कल्याण के लिए काम करती है तो किस प्रकार के परिणाम आते हैं।** उन्होंने कहा कि विकास के सभी मापदंडों पर भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सिंह सरकार ने कांग्रेस सरकार की तुलना में काफी बेहतर कार्य किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **मोदी सरकार ने 'आयुष्मान भारत' के माध्यम से देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों के5 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया है जो इतने बड़े व्यापक स्तर पर विश्व की पहली ऐसी योजना है।** उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को इस योजना को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए ताकि अधिकाधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

अवैध घुसपैठियों की विकराल समस्या पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी के लिए देश वोट बैंक से कहीं ऊपर है जबकि कांग्रेस के लिए वोट बैंक की पॉलिटिक्स ही सब कुछ है।** उन्होंने कहा कि **देशहित के ऊपर वोट बैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी की साजिश को देश के जनता भलीभांति जानती है, आने वाले चुनावों में कांग्रेस को जनता करारा जवाब देगी।** उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के समर्थन में दिग्विजय सिंह और राहुल गाँधी एंड कंपनी चाहे कितनी भी साजिश रचें, **मध्य प्रदेश में फिर से शिवराज सरकार और केंद्र में मोदी सरकार बनने पर एक-एक घुसपैठिये की पहचान की जायेगी और उन्हें मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा।** उन्होंने जोर देते हुए कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्त्व में केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी कभी भी देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।**